काली कमली वाले श्याम | BY Master Koko

काली कमली श्याम तूने दिल ये चुरा लिया मेरा
मेरा दिल तो दीवाना हो गया मुरली वाले तेरा
मुरली वाले तेरा कमली वाले तेरा
मुरली वाले तेरा कमली वाले तेरा रे तेरा रे
मेरा दिल तो दीवाना हो गया मुरली वाले तेरा

जबसे मुझको दीदार हुआ है
तबसे बिहारी जी से प्यार हुआ है
बचा नहीं अब तेरे सिवा तूने सब कुछ मोह लिया मेरा
बचा नहीं अब तेरे सिवा तूने सब कुछ मोह लिया मेरा रे मेरा रे
मेरा दिल तो दीवाना हो गया मुरली वाले तेरा

तेरी छवि ने मुझे पागल किया है
नैनो ने तेरे मुझे घायल किया है
तेरे बिना अब गिरधारी कहीं दिल नहीं लगता मेरा
तेरे बिना अब गिरधारी कहीं दिल नहीं लगता मेरा रे मेरा रे
मेरा दिल तो दीवाना हो गया मुरली वाले तेरा

तेरी लीला अद्भुत है प्यारी
चरणों में रेहनो दो बांके बिहारी
कोको के भी लब पे नाम वृन्दावन वाले तेरा
कोको के भी लब पे नाम वृन्दावन वाले तेरा रे तेरा रे
मेरा दिल तो दीवाना हो गया मुरली वाले तेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-master-koko/